## सार-समाचार

### रूठों को मनाने में जुटे पार्टी नेता

**अलवर**। आज की रात सनम नींद नही आएगी हम तो जागेगे पर सनम यानि वार्डो में खडे निर्दलीय प्रत्याशियों का दरवाजा खटखटाएगे। नगर निगम फार्म स्कूरटनी के बाद सामने नाम आने के बाद भाजपा और कांठोस प्रत्याशियों ने निर्दलीय प्रत्याशियों को अपने पक्ष में बैठाने की कवायद तेज कर दी है दोनो ही पार्टिया जानती है कि इस बार चुनाव जीतना कोई सादाहण बात नही है पार्टी के बागी प्रत्याशी निर्दलीय चुनाव लडकर उनका समीकरण बिगाडने में लगे है वही अनेको निर्दलीय प्रत्याशी है जो सर्व समाज के निर्णय के बाद चुनाव मैदान में ऐसे में इस बार दोनों ही पाटियों को लिए चुनाव की डगर बढी कठिन होने वाली है। मंगलवार को स्कूरटनी के बाद वार्डो में प्रत्याशियों की संख्या तय हो चुकी है 65 वार्डो में कांठोस और भाजपा के मिला कर कुल चौसठ प्रत्याशी मैदान में है। कुल 446 प्रत्याषी चुनाव की शोभा बढाने वाले है इनमें काफी संख्या में वो निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल है जिन्होंने पार्टियों से टिकट मांगा लेकिन उन्हें नही मिला अपनी जन सेवा और आम जनता की राय से वे चुनाव जीतने की उम्मीद में चुनाव मैदान में डटे है लेकिन कब तक ये डट पाएगे क्योंकि पार्टियों और राजनीति का मोह लग जता है वह आसानी से नही छूटता ये वो भी जानते है कि अगर बागी बनकर चुनाव लडा तो जीत गए तो पार्टी गले लगा लेगी और हार गए तो अब तक पार्टी में कमाई इज्जत मिट्टी में मिल जाएगी इसके लिए वे अब घर बैठ कर पार्टी के उन नेताओं का इन्तजार करने में लगे है जो रात तक उनके निवास पर पहुंचेगे या फिर कल तक पहुंच ही जाएगे और उन्हें नाम वापिस लेने के लिए साम,दाम,दण्ड भेद की नीति से मजबूर करेगे। जो मान गए वो पार्टी के लिए फिर से पांच साल दरी बिछाने और जिन्दाबाद का नारा लगाते हुए फिर टिकट का इंतजार करेगा। और जो पार्टी नेताओं को उनकी औकात दिखाते हुए अपने काम के बूते पर चुनाव लडेगा वह एक लीडर बन कर उभर सकता है। इधर इस बार दोनो ही पार्टियों के लिए निर्दलीय प्रत्याशी सिरदर्द बने है इसके पीछे है सामान्य वार्ड के वे प्रत्याषी जिनके वार्ड से पार्टियों ने अन्य जाति के प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है पार्टिया भी जानती है कि यूजीसी का मामला और जन्तर मंतर का धरना उन्हें इस चुनाव में बोर्ड बनाने से रोक सकता है इसके लिए पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों को टारगेट दे दिया है कि किसी भी कीमत पर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में उनके वार्ड से ना उतरे चाहे उसके लिए प्रत्याशियो को कुछ भी नीति अपनानी पडे यह भय भाजपा में ज्यादा देखा जा रहा है। भाजपा के लिए आज की रात कत्ल की रात साबित होने वाली है। यहां सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 65 वार्डो में अनेको ऐसे निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में है जिनका मुख्य मकसद है प्रत्याशी के पक्ष में बैठ कर मोटी रकम वसूल करना ।

### दो लीटर अवैध हथकड शराब जब्त

**निवाई**। पुलिस ने अवैध शराब व मादक पदार्थ की रोकथाम को लेकर कार्रवाई करते हुए दो लीटर अवैध हथकड शराब जब्त करके एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रोशन मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव एवं डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा के निर्देशन में अवैध शराब व मादक पदार्थ की रोकथाम को लेकर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गश्त के दौरान रेलवे स्टेशन रोड़ महावीर वाटिका के सामने से आरोपी लक्ष्मण पुत्र मांगीलाल बावरिया निवासी तालाब के पास गोनेर थाना शिवदासपुरा जयपुर को गिरफ्तार करके उससे दो लीटर अवैध हथकड शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एक्साइज एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है।

### नगर परिषद व पालिका में नामांकन वापसी के प्रथम दिन 69 नामांकन वापस

**खैरथल** । नगर निकाय आम चुनाव 2026 के तहत नामांकन पत्रों की वापसी की प्रक्रिया के प्रथम दिन जिले की विभिन्न नगर परिषद एवं नगरपालिकाओं में अभ्यर्थियों द्वारा कुल 69 नामांकन पत्र वापस लिए गए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन वापस 3 सितंबर दोपहर 3:00 बजे तक लिए जाएंगे। इसके पश्चात 4 सितंबर को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। नगर परिषद भिवाड़ी में सर्वाधिक 39 नामांकन वापस लिए गए। इसके अलावा नगर परिषद तिजारा में 12, नगर परिषद खैरथल में 4, नगरपालिका मुंडावर में 1, नगरपालिका कोटकासिम में 1, नगरपालिका किशनगढ़-बास में 6 तथा नगरपालिका टपूकड़ा में 6 नामांकन पत्र वापस लिए गए। इस प्रकार जिले की कुल 7 नगर परिषद/नगरपालिकाओं के 230 वार्डों के लिए नामांकन वापसी के प्रथम दिन कुल 69 नामांकन पत्र वापस हुए। 274 नामांकन की जांच में छंटे 110, अब 164 प्रत्याशी मैदान में; 3 सितंबर को तस्वीर होगी पूरी साफ

### छौरिया बालाजी का लक्खी मेला आज

निवाई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आराध्य वीर हनुमान बालाजी धाम छौरियां पर वार्षिक लक्खी मेले का 3 सितंबर को आयोजन किया रहा है। श्रद्धालु संजय शर्मा ने बताया कि मेले को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा बाबा का अभिषेक करके बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। श्रद्धालु प्रेमप्रकाश शर्मा ने बताया कि मेले में कलाकारों द्वारा रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। जिसको देखने के लिए दूरदराज के गांवों से हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है व सभी भक्तों व आने वाले श्रद्धालुओं से सभी व्यवस्थाओ मे सहयोग करने का आग्रह किया है।

### कसाना प्रदेश मीडिया संयोजक बने

**कोटपूतली** । अखिल भारतीय गुर्जर महासभा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद धाभाई ने संगठन का विस्तार करते हुये ग्राम सुन्दरपुरा, कोटपूतली निवासी सुबेसिंह कसाना को प्रदेश मीडिया संयोजक के पद पर नियुक्त किया है। उल्लेखनीय हैं कि कसाना द्वारा गुर्जर समाज के हित में किए गए निरंतर और सराहनीय कार्यों को देखते हुए महासभा ने उन पर यह भरोसा जताया है। इस नई और बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर समाज के प्रबुद्धजनों, शुभचिंतकों और महासभा के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुये उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

### वांछित आरोपी गिरफ्तार

**निवाई**। पुलिस ने अवैध बजरी खनन मामले मे फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि वांछित आरोपियों के धरपकड अभियान को लेकर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अवैध बजरी खनन प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी रामेश्वर मीणा पुत्र ग्यारसीलाल मीणा निवासी प्रतापपुरा को गिरफ्तार किया है।

# मेवात की बालिकाओं ने अफसरों से संवाद कर जाना मंत्र, लक्ष्य तय करो और आगे बढ़ो

**किशनगढ़ बास**। अलवर मेवात शिक्षा एवं विकास संस्थान (एमिड) राजस्थान व ए जे डब्ल्यू एस फाउंडेशन द्वारा संचालित बेहतर कल के लिए पहल परियोजना के तहत बुधवार को किशोरी बालिकाओं का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।



25 गांवों की लीडर बालिकाओं ने किशनगढ़ बास के उपखंड अधिकारी सत्यवीर सिंह से मुलाकात कर अपने अनुभव साझा किए।

■ एसडीएम सत्यवीर सिंह बोले- पढ़ी-लिखी महिला दो घरों को संभालती है, एसएचओ नेहा मीणा ने बताया पुलिस अफसर बनने का सफर

एमिड संस्थान के सचिव नूर मोहम्मद व मैनेजिंग डायरेक्टर शाहरुख नूर के निर्देशन में 25 गांवों की किशोरी लीडर बालिकाओं ने किशनगढ़ बास के उपखंड अधिकारी सत्यवीर सिंह व थाना अधिकारी नेहा मीणा से मुलाकात कर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में संस्था की डिप्टी डायरेक्टर आशा नारंग ने एमिड संस्था का विस्तार से परिचय दिया।

संवाद के दौरान लीडर बालिकाओं ने बताया कि एमिड के सहयोग से उनमें लीडरशिप के गुण विकसित हुए हैं। संस्था उन बालिकाओं को जो शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित हैं, उन्हें राजस्थान स्टेट ओपन बोर्ड के माध्यम से 10वीं-12वीं करवा रही है। गांव-गांव में बालिका शिक्षा केन्द्र खोले गए हैं, छात्रवृत्ति दिलाई जा रही है और जीवन कौशल सत्रों के माध्यम से शारीरिक व मानसिक बदलावों को समझने में मदद की जा रही है। इस दौरान उपखंड अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बालिकाओं के अनुभव सुनकर कहा कि एमिड मेवात में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही आगे बढ़ा जा सकता है। पढ़-लिखकर महिला स्वावलंबी बनती है तो दो घरों को संभालती है। अपना लक्ष्य तय करो और उसे प्राप्त करो। उन्होंने ने कहा आज डिजिटल युग है, शिक्षित होने पर दुनिया में कहीं भी आ-जा सकते हो।

इसके उपरांत थाना अधिकारी नेहा मीणा ने मिलने पर बालिकाओं को कहा कि मेवात इलाका अन्य कारणों से जाना जाता है, लेकिन एमिड यहां 5-8 साल से पढ़ाई से दूर रही बालिकाओं को दोबारा शिक्षा से जोड़कर उनमें पढ़ाई का जज्बा पैदा कर रही है, यह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि आज संघर्ष करोगे तो आने वाले समय में आपके बच्चों को संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। पढ़ोगे तो बाल विवाह जैसी कुरीतियों में सुधार होगा। एक बालिका के सवाल पर कि आप यहां तक कैसे पहुंची, इस पर एसएचओ नेहा मीणा ने आरपीएससी की तैयारी, प्री-मेन्स और साक्षात्कार की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। दोनों अधिकारियों ने बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया। इस अवसर पर जुमर खान, हारून खान, पिंकी सहित संस्था के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सती माताजी के मेले को लेकर बैठक

**निवाई**। गांव सीदड़ा में सती माता के विशाल मेले की तैयारियों को लेकर सती माताजी मंदिर समिति के तत्वावधान में समिति अध्यक्ष रतिराम मीणा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिसमें सती माता जी के भव्य मेले की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

समिति सचिव रामलाल मीणा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 13 सितम्बर को भाद्रपद दोज को सती माता के विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोर शोर पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि मेले की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। मेले को लेकर 12 सितम्बर को मध्य रात्री को कनक दण्डवत यात्रा निकाली जाएगी। 13 सितम्बर को विशेष फूलों से माताजी की झांकी सजाई जाएगी। मेले में मटलाणा व नयागांव से विशाल पदयात्रा पहुंचेगी। जहां पदयात्री मंदिर शिखर पर ध्वजा चढाकर सती माता से मन्नते करेंगे।

## हत्या के आरोप से बाप-बेटे सहित देवर दोष मुक्त

■ सभी गवाहों के बयानों का परीक्षण करते हुए फैसले में लिखा कि महत्वपूर्ण गवाहों ने घटना की पूर्णतया ताईद नहीं की

**सांभरझील** । यहां अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या दो इंदू उज्ज्वल ने 2017 के बहुचर्चित मोनू नायक की हत्या के आरोप से पति, पुत्र व देवर को दोषमुक्त कर दिया। इस मामले में अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत सभी गवाहों के बयानों का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए फैसले में लिखा कि महत्वपूर्ण गवाहों ने घटना की पूर्णतया ताईद नहीं की तथा आरोपियों की पहचान परेड, पुलिस अनुसंधान व जप्तियां, नक्शा मौका सहित महत्वपूर्ण परिस्थितियों के संबंध में अभियोजन पक्ष अपराध को संदेश से परे प्रमाणित करने में असफल रहा है। आरोपियों की तरफ से अधिवक्ता रतनलाल चौधरी व सतीश गुर्जर ने प्रभावी पैरवी करते हुए अभियोजन साक्ष्यों की प्रत्येक महत्वपूर्ण कमियों को न्यायालय को बताया तथा आरोपियों को दोष मुक्त किए जाने की दलीलें पेश की। न्यायालय ने अभियोजन के मामले को संदेह से परे प्रमाणित नहीं मानते आरोपी लालाराम पुत्र स्व. भींवाराम नायक, उम्र 45 साल, निवासी प्लॉट नंबर-152 ए, श्रीजी नगर, रामपुरा रोड, सांगानेर, पुलिस थाना मुहाना मण्डी, जिला जयपुर, जगदीश प्रसाद पुत्र स्व भींवाराम नायक, उम्र 26 साल, निवासी प्लॉट नंबर 130 ए, गोविन्द नंबर, रामपुरा रोड़, सांगानेर, पुलिस थाना मुहाना मण्डी, जिला जयपुर व लेखराज नायक उर्फ लक्की, उम्र 19 साल, निवासी प्लॉट नंबर-152 ए, श्रीजी नंबर रामपुरा रोड़, सांगानेर, पुलिस थाना मुहाना मण्डी, जिला जयपुर को संदेह का लाभ प्रदान करते हुए हत्या के आरोप से दोष मुक्त कर दिया।

### उर्स वार्षिक कूल की रस्म के साथ सम्पन्न

**मनोहरपुर** । हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत अल मशरूफ मारूफ सैय्यद जुल्फिकार अली शाह साहब रह. (घाटी वाले बाबा) का 3 दिवसीय सालाना उर्स कूल कि रस्म के साथ में विधिवत सम्पन्न हो गया है। दरगाह के मुतवल्ली व सज्जादा नशीन मो. यूनुस खान चिश्ती और नायब मुतवल्ली मसनद नशीन मो. सरफराज चिश्ती साबरी ने बताया कि 31 अगस्त 2026 बरोज़ सोमवार की रात इशा बाद मीलाद शरीफ हुई जिसमे ख़ुदा के हुकम व मुहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही गईं। इसी प्रकार 1 सितंबर 2026 बरोज़ मंगलवार की रात इशा बाद चादर पेश की गईं व महफिले समां हुई जिसमे बाबा की मान मनुहार की गईं। इसी प्रकार 2 सितंबर 2026 बरोज़ बुधवार फजर नमाज़ के बाद कुरान ख्वानी हुई इसके बाद में सुबह 10 बजे फातहा कुल की रस्म व लंगर हुआ उल्लेखनीय है कि इस दरगाह पर हर मजहब के लोग आकर अपनी मुरादें मांगते हैं।

## 'अलवर में जनता को पानी, बिजली व सड़क नहीं, सिर्फ सनातन धर्म देखना है'

अलवर । राजस्थानी में एक पुरानी कहावत है कि मन में आवें मूंड हिलावे,उनसे कहो मुझे लेने आवें वाली कहावत भाजपा से निष्काशित पूर्व रामगढ के विधायक ज्ञानदेव आहूजा के साथ चरितार्थ हो रही है उन्हें भाजपा ने झिडक कर बाहर का रास्ता दिखा दिया फिर भी वो भाजपा को अपनी मॉ कहते नही चूक रहे है जबकि अलवर के दोनो मंत्रियों की वो खिलाफत करते भी नही चूक रहे है अब भी भाजपा के प्रति वफादारी निभाते हुए उन्होंने वोटरो से अपील की है कि भाजपा को जिताए साथ ही उन्होंने कटाक्ष भरे लहजे में यह भी कहा कि अलवर वासियों को ना पानी चाहिए,ना बिजली चाहिए और ना ही सडक उन्हें सिर्फ सनातन चाहिए ज्ञानदेव आहूजा अपने निवास पर मीडिया को सम्बोधित करते हुए बोल रहे थे। नगर निकाय चुनाव के बीच भाजपा से निष्कासित पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने कांग्रेस का बोर्ड बनने की आशंका जताते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

आहूजा ने अपने निवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अलवर की जनता को पानी, बिजली और सड़क के मुद्दे नहीं देखने हैं। केवल सनातन धर्म को देखकर भाजपा के कमल के फूल को खिलाना है। बाकी सब मुद्दे भौतिक सुख हैं, असली सुख सनातन धर्म है। आहूजा ने कहा कि राहुल गांधी दलितों का ठेकेदार बन रहा है। वह झूठ के ऊपर नकाब लगा रहे हैं।

### 'शहर में सफाई ठेका 500 गुना बढ़ा, सफाई आधी भी नहीं'

अलवर। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने नगर निकाय चुनाव में वार्ड 50 से रजनी सैनी और वार्ड 27 से पिंकी रानी कांठोस प्रत्याशियों की सभा को संबोधित करते हुए अलवर शहर की मौजूदा हालत पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अलवर में किसी संसाधन की कमी नहीं है, लेकिन पिछले 3 साल में शहर की दशा खराब हुई है। जूली ने सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले तीन सालों में सफाई का ठेका 400-500 गुना बढ़ गया है, लेकिन सफाई आधी भी नहीं हो रही।


**सार्वजनिक सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रोजेक्ट "Jagdish Homes-II", स्थित P.N. 5, Hanuman Vatika, A-7, Saligrampura, Jaipur,RERA REG. NO. RAJ/P/2019/1127 है। उक्त प्रोजेक्ट में CMJY योजना के अंतर्गत प्रस्तावित EWS / LIG फ्लैट्स अब मूल प्रोजेक्ट पर भी दिए / निर्मित किए जाने का प्रस्ताव है। इसी कारण उक्त प्रोजेक्ट के वर्तमान RERA पंजीयन को (रद्द / निरस्त) करवाने हेतु राजस्थान RERA प्राधिकरण के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि उक्त प्रोजेक्ट अथवा प्रस्तावित कार्यवाही के संबंध में किसी व्यक्ति, हितधारक को कोई आपत्ति, तो वे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु निम्न पते पर संपर्क कर सकते हैं।
मोजिका ग्रुप
401, खंडेला हाउस, झोटवाड़ा रोड, चांदपोल, जयपुर, राजस्थान

**आम-सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य अशोक बिलाला पुत्र स्व. श्री नगेन्द्र कुमार बिलाला, निवासी- मकान नम्बर 1813, हल्दियो का रास्ता, वंजी ठोलियो की धर्मशाला के पास, जौहरी बाजार, जयपुर का है तथा उक्त सम्पत्ति मेरे अभिभाष्य के पूर्वजो के समय की है जिसका मेरा अभिभाष्य उपयोग उपभोग कर रहा है तथा मेरे अभिभाष्य के दो पुत्रियां श्वेता बिलाला व सुरभि बिलाला है जो मेरे अभिभाष्य के कहने व सुनने मे नही है। भविष्य मे कोई भी व्यक्ति, संस्था उक्त पुत्रियों से उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी का संव्यवहार करेगा या गिरवी, विक्रय, बेचान इकरारनामा, किराये पर लेती है तो उसकी जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। मेरे अभिभाष्य इस हेतु जिम्मेदार नही होगा। सूचित रहे।
जयपुर (रामदेव सिंह गुर्जर) एडवोकेट
दिनांक:2.9.2026 मो.न.- 8432499466

**नाम परिवर्तन** मैं Pappu Lal Sharma S/o बद्री लाल शर्मा निवासी सुरजपुरा तहःनिवाई जिला टोंक शपथ पूर्वक बयान हूं कि मेरी पुत्री Harshita Sharma की 8वी की अंक तालिका व प्रमाण पत्र में भूलवश मेरा नाम Pappu Lal Sahrma दर्ज हो गया जबकि मेरे व मेरी पुत्री के इसके अलावा सभी दस्तावेजों मे मेरा नाम Pappu Lal Sharma दर्ज है। जो सही है अतः मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजों में मुझे इसी नाम को सही करके इसी नाम से जाना जाए।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
सं. ईएल/118/रेवेन्यू-01आर/2026-27/ डब्ल्यू 6/टीएफ दिनांक: 01.09.2026
खुली ई-निविदा सूचना
मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **क्र सं. 1, एनआईटी संख्या:** ईल/जेपी/रेवेन्यू 01आर/2026-27, **कार्य का नाम:** Comprehensive maintenance contract for 04 Nos. Escalators at PF-1 & 3 at Durgapura Railway Station Jaipur for a period of Three years- (M/s Johnson Make Escalator, Single tender for OEM only), **अनुमानित लागत:** 27,62,074.08, **बयाना राशि:** 55,300/-, **निविदा खोलने की तिथि:** 23.09.2026, नोट: **ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक, **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे के बाद, सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता http://www.ireps.gov.in 1279-PH/26
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**संशोधित सार्वजनिक सूचना**
न्यायालय : सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, उत्तर, जयपुर महानगर, द्वितीय, जयपुर
लक्ष्मण सिंह व अन्य
बनाम
सत्यनारायण मिश्रा व अन्य
वाद : प्रतिनिधित्व वाद अंतर्गत आदेश-1 नियम-8 CPC, सम्पत्ति: म्युनिसिपल नं. 3746, नाहरगढ़ रोड, चौकड़ी पुरानी बस्ती, जयपुर।
उक्त वाद में पूर्व सूचना दिनांक 02.09.2026 को प्रकाशित हुई थी जिसमें भूलवश पेशी दिनांक 02.07.2026 अंकित हो गया।
अब संशोधित पेशी दिनांक 07.09.2026 प्रातः 10:30 बजे है। यदि कोई व्यक्ति उक्त वाद में पक्षकार बनना चाहता है तो उक्त तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होवे। पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। शेष यथावत।
(मोहर) आदेशानुसार
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, उत्तर जयपुर महानगर द्वितीय।

**नाम परिवर्तन**

मैं, वरुनीरज मौदगिल, पुत्र श्री नीरज मौदगिल, निवासी 88, लोटस रेसीडेंसी, वैभव विला, पत्रकार कॉलोनी, मानसरोवर, सांगानेर, जयपुर (राजस्थान) - 302029, अपना नाम वरुनीरज मौदगिल से बदलकर वरु एन मौदगिल कर रहा हूँ। भविष्य में सभी कार्यों के लिए मुझे वरु एन मौदगिल के नाम से ही जाना जाएगा।

मैने अपना नाम अशोक कुमार रारा से बदलकर अशोक रारा पुत्र कन्हैयालाल रारा रख लिया! अतः भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे A-402, त्रिवेणी नगर गोपालपुरा बाईपास जयपुर

मैं, मनोज वाधवानी, निवासी 356, रायाजी का घेर, जयपुर, एतद्द्वारा सूचित करता हूँ कि मेरे नाम की वर्तनी Manoj Vadhwani से Manoj Wadhwani तथा मेरे पुत्र के नाम की वर्तनी Mukesh Vadhwani से Mukesh Wadhwani संशोधित की गई है। भविष्य में सभी कार्यों एवं प्रयोजनों हेतु उक्त संशोधित नाम ही मान्य होंगे।

मै अब्दुल हमीद निवासी-23तीर्थ नगर, जयसिंहपुरा खोर जयपुर ने अपने पुत्र मजीद खान के दस्तावेजों में अपना नाम कालू खान से बदलकर अब्दुल हमीद कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे

मैने अपनी पुत्री का नाम किआरा (KIARA) से बदलकर किआरा सैनी (KIARA SAINI) रख लिया है। भविष्य में उसे किआरा सैनी (KIARA SAINI) पुत्री हर्ष सैनी (HARSH SAINI) के नाम से जाना पहचाना जावे। निवासी: 2-A-67, शिव शक्ति कॉलोनी, शास्त्री नगर, जयपुर 302016 (राजस्थान)

I have changed my name from Abala Bai Meena to Abla Bai Meena for all purpose in future. R/o Leeloti Vajeda, Karauli, Rajasthan- 322234

I, Pradeep Pulickal Ravindran, also known as Pradeep Ravindran Pulickal, Pradeep Polickal Ravindran, P. R. Pradeep, And Pradeep Pulickal Ravindran, hereby declare that all these names refer to one and the same person. Henceforth, I shall be known as Pradeep P. R. for all legal and future purposes.

I have changed my name from Deepak Lokram Goyal to Deepak Goyal for all future purposes. Address- 6/94, Sector-6, SFS, Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur

I have changed my name from Puja Shanker Chandra to Puja Shanker W/o Saurabh Chandra for all purpose. Resi.:- Plot No. 14, S-23, Unique Shardool, Second Floor, near J.K. Lon Hospital, Chetak Marg, Gangwal Park, Jaipur.

I have changed my son's name from Shreshtha to Shreshth S/o Rajesh Koolwal he is to be known by this name henceforth. Address: RC-79, Narayan Vihar, Mansarovar, Jaipur.

I army no 2868792X Ex Hav mool Singh resident of 189-C Amar nagar-C khirni phatak khatipura jaipur that i want to change name of my spouse LAD KUNWAR to LAD KANWAR vide affidavit dated 1 sep 2026 before add. collector & addl. majistrate jaipur city north


## लक्षित प्रकरणों के विरोध में 6 दिनों तक न्यायिक कार्य स्थगित

**कोटपूतली** । लक्षित प्रकरणों (टार्गेटेड केसेज) की कार्ययोजना फेज छह के विरोध में जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली के अधिवक्ताओं ने सचिव मुकेश कुमार यादव के नेतृत्व में 01 से 06 सितम्बर तक न्यायिक कार्यों से पूर्णतः विरत रहने का निर्णय लिया है। संघ के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर अधीनस्थ न्यायालयों में न्याय की गुणवत्ता की अनदेखी और केवल संख्यात्मक निस्तारण की प्रतिस्पर्धात्मक कार्यशैली पर गहरी चिंता जताई है। इस छह दिवसीय हड़ताल के दौरान क्षेत्र के सभी न्यायालयों में न्यायिक कामकाज पूरी तरह ठप रहेगा और वकीलों ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए अपने बस्ते ना लगाने का आव्हान किया है। मामले की विस्तृत पृष्ठभूमि साझा करते हुए जिला अभिभाषक संघ के सचिव मुकेश कुमार यादव ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा जारी पत्रांक 1809 दिनांक 11 अगस्त 2026 के जरिए अधीनस्थ न्यायालयों में टार्गेटेड केसेज (फेज-) के निस्तारण की एक नई कार्ययोजना लागू की गई है। शुरुआत में इस योजना का मुख्य उद्देश्य 20 वर्ष या उससे अधिक समय से लंबित बेहद पुराने प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करना था। हालांकि वर्तमान में इस कार्ययोजना के दायरे को बढ़ाकर इसमें 05 वर्ष से भी कम पुराने मुकदमों को जबरन शामिल किया जा रहा है। अधिवक्ताओं का तर्क है कि इस नीति के कारण अधीनस्थ न्यायालयों में न्याय की मूल भावना और गुणवत्ता को पूरी तरह भुला दिया गया है। वर्तमान में केवल मुकदमों की संख्या के आधार पर रिकॉर्ड संख्यात्मक निस्तारण करने की एक अंधी होड़ और प्रतिस्पर्धात्मक कार्यशैली चल रही है। इस दबावपूर्ण माहौल में न्याय प्रणाली के आवश्यक वैधानिक और आधारभूत मानदंडों की सरेआम अनदेखी की जा रही है, जो समठा न्याय व्यवस्था के बुनियादी ढ़ांचे के लिए कतई उचित नहीं है।

■ 01 से 06 सितम्बर तक न्यायिक कार्यों से पूर्णतः विरत रहने का निर्णय लिया



छह दिवसीय हड़ताल के दौरान क्षेत्र के सभी न्यायालयों में न्यायिक कामकाज पूरी तरह ठप रहेगा ।

### 87 नामांकन खारिज


**लालसोट** । नगर परिषद चुनाव को लेकर मंगलवार, 1 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो गई। उपखंड कार्यालय में निर्वाचन अधिकारी विजेंद्र कुमार मीणा की मौजूदगी में प्रत्याशियों द्वारा दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के बाद कुल 274 नामांकन पत्रों में से 164 स्वीकार किए गए, 87 खारिज हुए, जबकि 23 नामांकन पत्रों का मर्ज किया गया। जांच प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। नामांकन पत्रों की छंटनी के साथ ही अब चुनावी मैदान में मौजूद प्रत्याशियों की तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। लालसोट नगर परिषद के 35 वार्डों में अब 164 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

हालांकि 3 सितंबर नाम वापसी की अंतिम तारीख है। ऐसे में राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की नजरें अब नाम वापसी पर टिकी हैं। नाम वापसी के बाद ही यह पूरी तरह स्पष्ट होगा कि किस वार्ड में कौन-कौन आमने-सामने है और कहां मुकाबला त्रिकोणीय या बहुकोणीय बन रहा है। नामांकन जांच के बाद अब राजनीतिक दलों में मान-मनुहार, समीकरण साधने और बागियों को मनाने का दौर तेज होने की संभावना है।

### भामाशाह सम्मान समारोह स्थगित

कोटपूतली। यादव महासभा समिति द्वारा आगामी 04 सितंबर को आयोजित होने वाला भव्य प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। समिति ने यह निर्णय क्षेत्र में लागू चुनावी आचार संहिता के मद्देनजर लिया है। यादव महासभा समिति के अध्यक्ष रामावतार यादव (गुरुजी) ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के पावन अवसर पर 04 सितंबर को पूर्व प्रस्तावित प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाना था।


नम्बर मिलाइए 8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## पावटा प्रागपुरा नगरपालिका निकाय चुनाव में सियासी संग्राम तेज

**पावटा**। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चुनाव को लेकर क्षेत्र में सियासी सरगर्मी अब चरम पर पहुंचने लगी है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने और प्रत्याशियों की तस्वीर साफ होने के साथ ही चुनावी मैदान में मुकाबला दिलचस्प हो गया है। भाजपा और कांठोस ने अपने अधिकृत प्रत्याशियों के साथ चुनावी मोर्चा संभाल लिया है, वहीं टिकट की दौड़ में पिछड़ने वाले दावेदारों और स्थानीय स्तर पर मजबूत पकड़ रखने वाले निर्दलीयों व आरएलपी पार्टी ने दोनों प्रमुख दलों के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है।

इस बार चुनावी तस्वीर केवल भाजपा बनाम कांठोस तक सीमित नजर नहीं आ रही। कई वार्डों में निर्दलीय व आरएलपी प्रत्याशियों की मजबूत मौजूदगी ने मुकाबले को त्रिकोणीय और कहीं-कहीं बहुकोणीय बना दिया है। ऐसे में पार्टी प्रत्याशियों के लिए अपने ही क्षेत्र में बागियों और असंतुष्ट दावेदारों को साधना बड़ी चुनौती बन गया है। टिकट वितरण के बाद कई वार्डों में राजनीतिक समीकरण तेजी से बदले हैं। जिन दावेदारों को पार्टी का टिकट नहीं मिला, उनमें से कुछ ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। भाजपा के सामने चुनौती संगठन के पारंपरिक वोट बैंक को एकजुट रखने के साथ-साथ असंतुष्ट कार्यकर्ताओं और बागी प्रत्याशियों के प्रभाव को रोकने की है। वहीं कांठोस के सामने भी यही चुनौती है कि उसके परंपरागत मतदाताओं के बीच निर्दलीय प्रत्याशी सेंधमारी न कर पाएं। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के कई वार्डों में मुकाबला अब सीधे दो दलों के बीच नहीं रह गया है। भाजपा और कांठोस प्रत्याशियों के बीच निर्दलीय , आरएलपी प्रत्याशी भी पूरी ताकत से ताल ठोक रहे हैं। निर्दलीय प्रत्याशी पार्टी के बजाय व्यक्तिगत पहचान, स्थानीय संपर्क और वार्ड की समस्याओं को चुनावी हथियार बना रहे हैं। यही वजह है कि कुछ वार्डों में मुकाबला बेहद कांटे का दिखाई देने लगा है। चुनावी माहौल को देखते हुए मतदाताओं का रुझान भी इस बार दिलचस्प माना जा रहा है। स्थानीय स्तर के चुनाव में मतदाता पार्टी के साथ-साथ प्रत्याशी की व्यक्तिगत छवि, व्यवहार, जनसंपर्क और वार्ड में सक्रियता को भी तवज्जो दे सकते है। नामांकन के बाद प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान को पूरी रफ्तार दे दी है। सुबह से देर रात तक वार्डों में डोर-टू-डोर जनसंपर्क, नुक्कड़ बैठकें, चौपालें और छोटी-बड़ी सभाएं देखने को मिल रही हैं।

भाजपा प्रत्याशी संगठन की ताकत के साथ मतदाताओं तक पहुंच बना रहे हैं तो कांठोस उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ विकास और स्थानीय मुद्दों को लेकर मैदान में हैं। दूसरी ओर निर्दलीय व आरएलपी प्रत्याशी सीधे मतदाताओं के बीच पहुंचकर 'पार्टी नहीं, व्यक्ति और काम' को अपना आधार बना रहे हैं। इस चुनाव में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या पार्टी का मजबूत संगठन निर्दलीयों की चुनौती को रोक पाएगा।

## निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव के लिए पुलिस ने फ्लैगमार्च निकाला

**टोंक**। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में मंगलवार को देर सायं नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए जिलेभर में जिला पुलिस की व्यापक तैयारियो के साथ सभी नगर निकायी क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैगमार्च निकाला गया। जिसका उद्देश्य आगामी नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए एवं क्षेत्र में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था संबंधी तैयारियां के लिए बताया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चुनाव के दौरान आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने तथा मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिलेभर में पुलिस बल को पूरी तरह मुस्तैद किया गया है। चुनाव के मद्देनजर पुलिस द्वारा मुख्य बाजारों, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों, मतदान केन्द्रों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों एवं जवानों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च, पैदल गश्त एवं नियमित वाहन गश्त की जा रही है, ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे तथा असामाजिक तत्वों में कानून का भय कायम रहे। इसके साथ ही पूर्व में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले, चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की संभावना वाले तथा संदिग्ध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों पर भी पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। वही चुनाव के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाली भ्रामक, अफवाहजनक अथवा आपत्तिजनक सामग्री पर भी जिला पुलिस द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है। नगर निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया जा रहा है तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पुलिस की त्वरित व्यवस्था को भी सक्रिय रखा गया है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुरेश चंद यादव पुत्र** जगदीश प्रसाद यादव **निवासी** वीपीओ ठिकरिया, तहसील-जयपुर, जिला-जयपुर, राजस्थान, ने **FIR No. 935/2022, U/S 279/304A IPC, पुलिस स्टेशन नांगलोई, बाहरी ज़िला, दिल्ली**, के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेश चंद यादव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेश चंद यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 935/2022, U/S 279/304A IPC, पुलिस स्टेशन नांगलोई, बाहरी ज़िला, दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त **सुरेश चंद यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.10.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रेनू
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-10, (पश्चिम), कोर्ट नं0-345, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12411/OD/2026
(Court Matter)